उत्तराखंड में बचाव और राहत कार्यों में बीईएमएल बीडी50 डोज़र

स्थानीय प्राधिकारी बड़े पैमाने पर बीईएमएल के बीडी50 डोज़रों का उपयोग कर रहे हैं और उत्तराखंड, चमोली जिले में तपोवन हाइडल प्रोजेक्ट सुरंग में हाल ही में ग्लेशियर के फटने के स्थल पर खोज, बचाव और राहत कार्यों में अपनी उपयोगिता साबित कर रहे हैं।

संकट से पीडित लोगों की सहायता के लिए चौबीस घंटे बचाव और राहत सेवा प्रदान करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा बड़ी संख्या में बीईएमएल बीडी50 पीएटी डोज़रों की तैनाती की गई हैं। बीईएमएल लगातार इन डोज़रों के लिए चौबीस घंटे सहायता प्रदान करता है ताकि जल्द से जल्द राहत अभियान पूरा किया जा सके।

बीईएमएल के इन-हाउस आर एंड डी टीम द्वारा डिज़ाइन और विकसित किया गया, बीडी50 डोज़र वास्तव में आत्मानिर्भर उत्पाद है। ये डोज़र 90 एचपी इंजन और पॉवर एंगलिंग और टाइलिंग ब्लेड से सुसज्जित हैं।

इन डोज़रों को भारतीय सेना और सरकारी एजेंसियों के विभिन्न रेजिमेंट को आपूर्ति की गई थी, जो वर्तमान में -20 से +55 डिग्री के परिवेशी तापमान पर और औसत समुद्र तल से 3500 मीटर की ऊंचाई पर काम कर रहे हैं।

यह याद किया जा सकता है कि बीईएमएल डोज़रों लेह, कारगिल, तवांग घाटी, अरुणाचल प्रदेश, कारपोनांग, सिक्किम जैसे रणनीतिक स्थानों पर चीन सीमा के करीब कार्य कर रहे हैं।

INTAKE ADIT
bell
BD50
B12025